लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *201

08 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड द्वारा रेल पटरियों का उत्पादन

***201 डॉ. वीरेन्द्र कुमार:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) द्वारा विभिन्न उत्पादों के उत्पादन और रेलवे को की गई आपूर्ति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) ने रेल पटरियों और कोचों के लिए विशेष इस्पात का उत्पादन करने के लिए रेलवे के साथ कोई समझौता किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड की भारतीय रेल के साथ संयुक्त उद्यम के अंतर्गत कोच विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस मामले में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान मंत्री **श्री नरेन्द्र सिंह तोमर**

(क) से (घ): एक विवरण लोक सभा के पटल पर रख दिया गया है।

***

"भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड द्वारा रेल पटरियों का उत्पादन" के बारे में डॉ. वीरेन्द्र कुमार, संसद सदस्य द्वारा लोक सभा में दिनांक 08 दिसम्बर, 2014 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *201 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) : गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान भारतीय रेलवे की आवश्यकता के अनुसार सेल द्वारा भारतीय रेलवे के लिए विभिन्न उत्पादों का किए गए उत्पादन और आपूर्ति का ब्यौरा नीचे दिया गया है-

उत्पाद	इकाई	उत्पादित मात्रा				रेलवे को की गई आपूर्ति की मात्रा			
		2011-12	2012-13	2013-14	अप्रैल-अक्तूबर, 14	2011-12	2012-13	2013-14	अप्रैल-अक्तूबर, 14
रेल पटरियां	टन	8,75,795	8,55,351	7,93,410	4,40,174	6,71,639	7,16,334	6,42,725	3,30,838
व्हील्स	संख्या	43,831	47,977	57,921	32,590	43,440	47,469	55,631	32,981
एक्सल	संख्या	6,288	5,879	8,621	5,818	6,431	5,769	8,769	5,741
स्ट्रक्चरल्स	टन	3,99,358	4,49,890	4,49,705	2,19,380	20,099	11,844	9,359	9,467
प्लेट/एचआर शीट/सीआर शीट/क्वायल	टन	61,71,880	62,99,636	63,85,490	37,06,102	131,991	117,743	99,874	95,233
स्टैनलेस स्टील	टन	1,18,181	65,717	98,319	74,456	4,717	6,396	1,627	9,921
एलॉय स्टील	टन	2,14,227	1,69,116	1,35,282	74,424	52,876	43,937	48,981	18,373

(ख) : रेल पटरियों (ट्रैक मेटीरियल) के उत्पादन और आपूर्ति के लिए सेल ने भारतीय रेलवे के साथ एक करार किया है। कोचों के उत्पादन और आपूर्ति के लिए कोई दीर्घकालीन करार नहीं किया गया है। वर्ष 2003 में हस्ताक्षरित करार के अनुसार, रेलवे सभी लंबाइयों वाली पटरियों की अपनी समस्त आवश्यकता की खरीद सेल से करने के लिए वचनबद्ध है और सेल रेलवे की समस्त मांग को पूरा करने के लिए वचनबद्ध है। रेलवे के लिए खुली निविदाओं के जरिए अंतिम रूप दिए गए उनके ऑर्डरों के संबंध में कोचों के उत्पादन हेतु विशेष इस्पात समेत सभी अन्य इस्पात सामग्रियों का सेल द्वारा उत्पादन और आपूर्ति की जाती है।

(ग)और(घ): सेल ने रेलवे के साथ एक संयुक्त उद्यम के आधार पर एक कोच निर्माण यूनिट की स्थापना करने के लिए अप्रैल, 2013 में एक प्रस्ताव भारतीय रेलवे को प्रस्तुत किया था। तथापि, रेलवे ने यह सूचित किया है कि सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के आधार पर पीपीपी/संयुक्त उद्यम तरीके से एक कोच विनिर्माण फैक्टरी की स्थापना को पहले ही अनुमोदन प्रदान कर दिया था।

*****